# राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर
## अध्यक्ष सचिवालय

क्रमांकः TACM/WC/21/12&13/ 408 दिनांक 4/6/12

**कार्यवाही विवरण**

**कार्य समिति बैठक संख्या 01/2012–13**
**दिनांक : 29.05..2012**

कार्य समिति की बैठक दिनांक 29.05..2012 को सायं 3.00 बजे माननीय अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मण्डल की अध्यक्षता में बोर्ड रूम में सम्पन्न हुई।

उपस्थितः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री परसराम मोरदिया, अध्यक्ष, राज.आ.म.जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री टी. रविकान्त, आवासन आयुक्त राज.आ.म,जयपुर | सदस्य |
| 3. | श्री के.सी. मीणा, मुख्य अभियन्ता, राज.आ.म. जयपुर | सदस्य |
| 4. | श्री अजीतसिंह शेखावत, वि0स0 एवं मु0लेखा0, राज.आ.म। | सदस्य |
| 5. | श्रीमती लवंग शर्मा, अति. मुख्य नगर नियोजक, प्रतिनिधि मु.नगर नियोजक, | सदस्य |
| 6. | श्री आर.के. अग्रवाल, अति0 मु0 अ0 (प्रथम), राज. आ.म., जयपुर | सदस्य |
| 7. | श्री जी.एस. बाघेला, अति. मु. अभियन्ता (द्वितीय), राज. आ.म.,जोधपुर। | सदस्य |
| 8. | श्री आर.के. भट्ट, अति. मु. अभियन्ता (तृतीय), राज. आ.म., जयपुर | सदस्य |
| 9. | श्री एस.आर. जांगीड़, तक0 सहायक–अध्यक्ष, राज. आ. म., जयपुर | सदस्य–सचिव |

विशेष आमंत्रितः

1. श्री डी.के. माथुर, उप आवासन आयुक्त एवं तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, राआ.म., जयपुर।
2. श्री नत्थूराम, उप आवासन आयुक्त एवं तकनीकी सहायक, मुख्य अभियन्ता, रा.आ.म.,जयपुर।

मुख्य अभियन्ता महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विचार बिन्दुओं के बारे में विस्तृत–रूप से उल्लेख किया।

बैठक के दौरान मा. अध्यक्ष महोदय एवं आवासन आयुक्त महोदय द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर आगामी बैठकों में विचार बिन्दु प्रस्तुत करने से पूर्व ध्यान रखने हेतु निर्देश प्रदान किए गएः–

1. यदि किसी संवेदक द्वारा उसे आवंटित कार्य अधूरा छोड़ा जाता है तो मण्डल नियमानुसार अनुबन्ध के तहत कार्यवाही करते हुए कार्य संवेदक के हर्जे खर्चे पर करवाया जावे।
2. विचार बिन्दु में विचलन के विस्तृत कारणों का उल्लेख, एक्स्ट्रा आईटम हेतु पूर्व में ली गई स्वीकृति और समयावधि प्रकरणों में औचित्य दस्तावेज अनिवार्य–रूप से सम्बन्धित पत्रावली में संलग्न किए जावे।
3. संवदेक द्वारा कार्य प्रारम्भ किए जाने से पूर्व बार/पर्ट चार्ट आवश्यकरूप से तैयार कर उसके अनुसार कार्य निष्पादन करवाऐ। इसे साईट पर उपलब्ध रखा जावे ताकि उच्च अधिकारियों के साईट निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति बार / पर्ट चार्ट के अनुसार होने बाबत पता लगाया जा सके एवं निरीक्षण अधिकारी द्वारा अपनी अनुशंषा/ टिप्पणी साइट पर उपलब्ध निरीक्षण पुस्तिका में दर्ज की जा सके।
4. मण्डल द्वारा संपादित किए जाने वाले आगामी कार्यों हेतु विचलन अधिक नहीं हो इसके लिए ठोस प्रयास किए जावे।
5. प्रायः यह देखा गया है कि कार्य संपादन में हुए विलम्ब की स्वीकृति का हवाला दिया जाता है तथा गणना में औचित्य विचार बिन्दु में अंकित नहीं की जाती है। कार्य संपादन में हुए समस्त व्यवधानों का विवरण मय दस्तावेज, विलम्ब की गणना के औचित्य हेतु विचार बिन्दु में दर्ज करवाजा सुनिश्चित

किया जावे। विलम्ब के लिए निर्धारित नियमानुसार शास्ति की गणना का उल्लेख विचार बिन्दु में अंकित किया जावे।

6. किसी भी कार्य की स्पिल्टिंग से पूर्व सक्षम स्वीकृति ली जावे। स्पिल्टिंग से पूर्व यह ध्यान रखा जावे की जयपुर, जोधपुर एवं बड़े शहरों में जहाँ कार्य संपादन हेतु सक्षम संवेदक उपलब्ध हो वहाँ, जहाँ तक संभव हो, स्पिल्टिंग नहीं की जावे।

कार्य समिति के समक्ष प्रस्तुत एजेन्डा पर विस्तृत विचार विमर्श पश्चात् निम्न निर्णय लिये गये:–

Agenda No. 1 Confirmation of Minutes of the Works Committee meeting No. 6/2011-12 held on 26-03-2012.

बैठक के प्रारम्भ में दिनांक 26-03-2012 को आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

Agenda No. 2 Action Taken Report - Works Committee meeting No. 6/2011-12 held on 26-03-2012.

कार्य समिति की गत बैठक दिनांक 26-03-2012 की क्रियान्विति के संबंध में प्रस्तुत अनुपालना प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

Agenda No. 3 Approval of Tender for construction of LIG (6x12 Mtr.) 164 Nos. houses, Zone-I at Balwa Road, Housing Scheme, Nagaur. Contractor - M/s. K.D. Builders.

अति. मुख्य अभियन्ता– द्वितीय ने बताया कि उक्त कार्य हेतु टी.पी. 47 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई है। प्रथमतः निविदाऐं 18.5.2011 को मांगने पर दर 3 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई थी एवं निविदादाता द्वारा समयावधि नहीं बढ़ाये जाने पर निविदाऐं निरस्त करनी पड़ी। द्वितीय बार निविदा दिनांक 15.10.2011 को आमंत्रित किए जाने पर दर 40.40 प्रतिशत अधिक बी.एस. आर. 2008 पर प्राप्त हुई जिसे दर अधिक होने पर कार्य समिति द्वारा निरस्त की गई। तृतीय बार दिनांक 5.4.12 को निविदा खोलने पर दर 47.00 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई हैं जबकि इसी योजना में समानान्तर कार्यों के लिए 19.97 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दरें प्राप्त हुई है। स्पष्ट है कि निविदादाता द्वारा दी गई दरें अत्यधिक है अतः निविदाऐं निरस्त की जाने योग्य है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में प्राप्त दरें इसी योजना में समानान्तर कार्यों के लिए पूर्व में स्वीकृत दरों से अत्यधिक होने के कारण निविदा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 4 Approval of Tender for the construction of LIG-A (6.00X12.00) 136 Nos. Houses at Zone-II at "Balwa Road" Housing Scheme, Nagaur. Contractor - M/s. K.D. Builders.

अति. मुख्य अभियन्ता– द्वितीय ने बताया कि उक्त कार्य हेतु टी.पी. 30.98 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई है। प्रथमतः निविदा दिनांक 29.6.2011 को मांगने पर दर 5 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई थी एवं निविदादाता द्वारा समयावधि नहीं बढ़ाये जाने पर निविदा निरस्त करनी पड़ी। द्वितीय बार दिनांक 14.12.2011 को निविदा आमंत्रित किए जाने पर दर 40.40 प्रतिशत अधिक बी.एस. आर. 2008 पर प्राप्त हुई जिसे दर अधिक होने पर कार्य समिति द्वारा निरस्त की गई। अब पुनः निविदा आमंत्रित करने पर दर 30.98 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई हैं जबकि इसी योजना में समानान्तर कार्यों के लिए 19.97

प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दरें प्राप्त हुई है। स्पष्ट है कि निविदादाता द्वारा दी गई दरें अत्यधिक है अतः निविदा निरस्त की जाने योग्य हैं।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में प्राप्त दरें इसी योजना में समानान्तर कार्यों के लिए पूर्व में स्वीकृत दरों से अत्यधिक होने के कारण निविदा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 5 — Approval of Tender for the construction of MIG-A (6x16 Mtr.) 60 Nos. at Zone-I at Balwa Road Housing Scheme, Nagaur. Contractor M/s. Mozdeen.

अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय ने बताया कि इस कार्य हेतु प्रथमतः निविदा आमंत्रित करने पर 28.51 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दरें आने एवं अधिक पाए जाने पर कार्य समिति द्वारा निविदा निरस्त की गई। द्वितीय समय भी निविदा में संवदेक मैसर्स के.डी. बिल्डर द्वारा 39.98 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दर दिए जाने एवं अधिक पाए जाने पर कार्य समिति द्वारा निविदा निरस्त की गई। संवेदक की दरें आर.टी.पी. से अधिक होने के कारण इस निविदा हेतु नेगोसियेशन किए जाने पर संवेदक द्वारा नेगोसियेशन में अपनी संशोधित दरें 19.97 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दी गई है जो उचित प्रतीत होती है एवं कार्य समिति के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में प्राप्त दरें इसी योजना में समानान्तर कार्यों के लिए पूर्व में स्वीकृत दरों के समान होने के कारण निविदा की संशोधित दर 19.97 प्रतिशत अधिक (राशि रु. 3,25,99,676.04 हेतु) को स्वीकृत करने एवं तकनीकी बिड की कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 6 — Approval of Tender for the construction of MIG-A SFS (G+3) 128 Nos. flats (Remaining work of M/s. Tanay Landcon India Pvt. ltd. ) at Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Giriraj Construction Co.

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि मैसर्स गिरिराज कन्स्ट्रक्शन द्वारा निगोशिएसन पश्चात् संशोधित दरें 17.49 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दी गई। इस कार्य हेतु आर.टी.पी. 59.52 प्रतिशत अधिक आंकी गई है। चूंकि उपरोक्त कार्य अधूरा छोड़ा गया कार्य हैं एवं सामान्य निर्माण कार्य से पृथक है। साथ ही आंकी गई आर.टी.पी. से बहुत कम दर दी गई है। अतः इसके दृष्टिगत न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दरें स्वीकृत करने योग्य है।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त मैसर्स गिरिराज कन्स्ट्रक्शन द्वारा दी गई 17.49 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 (राशि रु. 650,38,831.13) दर को स्वीकृत करने एवं तकनीकी बिड की कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह निर्देश दिए गए कि पूर्व संवदेक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावे।

Agenda No. 7 — Approval of Tender for the construction of LIG 143 Nos. houses at Sector-8, I.G. Nagar, Jagatpura, Jaipur. Contractor - M/s. Gyarsilal Mohanlal.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि उक्त कार्य हेतु प्रथमतः निविदा आमंत्रित किए जाने पर दर 8.21 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई थी जिन्हे अधिक पाए जाने पर कार्य समिति द्वारा निविदा को निरस्त किया गया। द्वितीय बार निविदा आमंत्रित किए जाने पर सिविल कार्य हेतु दर 14.74 प्रतिशत अधिक बी.एस.

आर. 2010 पर एवं बिजली के कार्य हेतु बी.एस.आर. 2008 पर दरें प्राप्त हुई जिन्हे भी अधिक पाए जाने पर अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्य समिति की स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा को निरस्त किया गया। अब पुनः निविदा आमंत्रित करने पर दर 24.51 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दरे प्राप्त हुई हैं। संवेदक द्वारा दी गई दरें समानान्तर कार्य हेतु निविदा में प्राप्त दरों से काफी अधिक दी गई है। अतः निविदा निरस्त करने योग्य है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में प्राप्त दरें समानान्तर कार्य हेतु निविदा में प्राप्त दरों से काफी अधिक दर होने के कारण निविदा को निरस्त करने एवं तकनीकी बिड की कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 8 Approval of Tender for the construction of MIG-B (6.00x16.00 Mtr.) 100 Nos. houses at Sector-07, I.G. Nagar, Jagatpura, Jaipur. Contractor - M/s. Triangle Engineer Pvt. Ltd.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि उक्त कार्य हेतु आर.टी.पी. 61.04 प्रतिशत आंकी गई है। इस कार्य हेतु प्रथमतः आमंत्रित निविदा में प्राप्त दरें 3.25 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दिए जाने एवं निगोशिएन में संवेदक द्वारा दरें कम नहीं किए जाने पर कार्य समिति द्वारा निविदा को निरस्त किया गया। द्वितीय समय भी निविदा में न्यूनतम निविदादाता द्वारा 10.98 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दरें दिए जाने एवं अधिक पाए जाने पर कार्य समिति द्वारा निविदा को निरस्त किया गया। अब न्यूनतम निविदादाता मैसर्स ट्राइन्गल इन्जिनियर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नेगोसियेशन में अपनी संशोधित दरें पार्ट 'ए' से 'इ' तक की दरें 15.10 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर दी गई है जो उचित प्रतीत होती है एवं कार्य समिति के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में निगोशिएसन पश्चात् दी गई संशोधित दर 15. 10 प्रतिशत उचित प्रतीत होने पर स्वीकृत करने एवं तकनीकी बिड की कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 9 Approval of Tender for the construction of MIG-B 64 Nos. houses at Sector-05, I.G. Nagar, Jagatpura, Jaipur. Contractor - M/s. Budania Builders.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि प्रथमतः निविदाऐं मांगने पर दर 8.41 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई जिन्हे अधिक पाए जाने पर निविदादाता से दर कम किए जाने हेतु निगोशिएसन किया गया परन्तु निविदादाता द्वारा अपनी दरें कम नहीं किए जाने पर कार्य समिति द्वारा निविदा को निरस्त किया गया। द्वितीय बार निविदा आमंत्रित किए जाने पर न्यूनतम निविदादाता द्वारा दर 12. 99 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2010 पर दी गई जिसे भी अधिक होने पर कार्य समिति द्वारा निविदा को निरस्त किया गया। अब पुनः अल्पकालिक निविदा आमंत्रित करने पर दर 13.84 प्रतिशत अधिक जी–शिड्युल पर बी.एस.आर. 2010, बिजली कार्य बी.एस.आर. 2008 पर + आईटम रेट रु. 75.00 प्रति किलो प्राप्त हुई हैं। उक्त कार्य हेतु आर.टी.पी. 53.02 प्रतिशत + आईटम रेट 104 / किलो आंकी गई है। संवेदक द्वारा निगोशिएसन पश्चात् दी गई (दर में कोई परिवर्तन नहीं) दर 13.84 प्रतिशत बी.एस.आर. 2010 पर उचित प्रतीत होती है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में निगोशिएसन पश्चात् (दर में कोई परिवर्तन नहीं) दी गई दर 13.84 प्रतिशत अधिक जी–शिड्युल पर बी.एस.आर. 2010 + आईटम रेट रु. 75.00 प्रति किलो उचित प्रतीत होने पर स्वीकृत करने एवं तकनीकी बिड की कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 10 Approval of Tender for the construction of MIG-A (G+3) 48 Nos. flats at Sector-05, I.G. Nagar, Jagatpura, Jaipur. Contractor - M/s. Indolia Construction.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि प्रथमतः निविदा को कार्य समिति द्वारा निरस्त किया गया क्योंकि संवदेक द्वारा 4.11 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर आधारित काउन्टर ऑफर को स्वीकार नहीं किया था। द्वितीय बार निविदा आमंत्रित किए जाने पर दर 12.11 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 पर प्राप्त हुई जिसे भी दर अधिक होने पर कार्य समिति द्वारा निविदा निरस्त की गई। अब पुनः अल्पकालिक निविदा आमंत्रित कर निगोशिएश्न पश्चात् संशोधित दर 17.80 प्रतिशत अधिक जी–शिड्युल पर बी.एस.आर. 2008 + आईटम रेट प्राप्त हुई हैं। उक्त कार्य हेतु आर.टी.पी. 50.45 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 आंकी गई है। संवेदक द्वारा निगोशिएसन पश्चात् दी गई संशोधित दर 17.80 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 + आईटम रेट पर दी गई है जो उचित प्रतीत होती है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में निगोशिएसन पश्चात् दी गई संशोधित दर 17.80 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2008 + आईटम रेट (राशि रु 3,47,58,052.79) उचित प्रतीत होने पर स्वीकृत करने एवं तकनीकी बिड की कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 11 Approval of Tender for the construction of MIG-B 54 Nos. (S+9) flats at Block-C at Ram Krishna Apartment, Shipra Path, Mansarovar, Jaipur. Contractor - M/s. Anandi Lal Lalpuria.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि उक्त कार्य हेतु न्यूनतम निविदादाता मैसर्स आनन्दीलाल लालपुरिया द्वारा पार्ट–ए से ई हेतु 19.40 प्रतिशत अधिक दर बी.एस.आर. 2008 पर दी गई थी। संवेदक से निगोशियेसन कर दरें कम कराने के प्रयास किए गए परन्तु बाजार में बढ़ती दरों के दृष्टिगत संवेदक द्वारा प्रस्तुत दरें औचित्यपूर्ण बताई गई एवं कोई दर कम नहीं की गई। यदि इस निविदा को निरस्त कर पुनः आमंत्रित की जाती है तो भविष्य में और अधिक दरें प्राप्त होने की पूरी संभावना है। अतः संवेदक द्वारा दी गई 19.40 प्रतिशत अधिक दर बी.एस.आर. 2008 (राशि रु. 9,16,25,049.82) को स्वीकृत किया जाना उचित होगा।

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त मैसर्स आनन्दीलाल लालपुरिया द्वारा पार्ट–ए से ई हेतु 19.40 प्रतिशत अधिक दर (राशि रु 9,16,25,049.82) को स्वीकृत किए जाने एवं तकनीकी बिड को कार्योत्तर स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 12 Approval of Tender for the construction of MIG-B 42 Nos. SFS (Complete houses) at RHB Hanumangarh. Contractor - M/s. Lakhnan & Qureshi Construction Co.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि निविदादाता द्वारा दर 40 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2009 पर दी गई है इसलिए निविदा में समानान्तर कार्यों के लिए दर 24 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2009 पर दी गई है जो समान कार्य हेतु सार्वजनिक विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए कार्य की दर से कम है। उक्त कार्य हेतु संवेदक द्वारा दी गई दरें 40 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2009 पर अधिक प्रतीत होती है। अतः निविदा निरस्त करने योग्य है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में प्राप्त दर अधिक पाए जाने पर निविदा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 13 Approval of Final Deviation for construction & development of road at Sector-3, Pratap Ngar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Sudhir Dutt Sharma.

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि सैक्टर–3, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में सड़क के निर्माण एवं विकास कार्य मैसर्स सुधीर दत्त शर्मा को रु.1,31,37,060.34 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 1,14,98,251.36 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 12.47 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण हाईटेंशन लाईन के कारण मिडियन शिफ्टिंग का कार्य न होना, पत्थर चिनाई का सेक्शन कम करना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स सुधीर दत्त शर्मा द्वारा रु. 1,14,98,251.36, जो कि कार्यादेश से 12.47 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 14 Approval of Final Deviation for construction of MIG-A- 20 Nos. at Zone-A, (Duplex) at Sector-26, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. Laddu Ram Babu Lal.

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि जोन–ए, सैक्टर–26, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में मध्यम आय वर्ग–अ के 20 (डुप्लेक्स) आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स लड्डुराम बाबूलाल को रु. 2,26,54,229.20 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 2,12,15,107.14 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 6.35 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण कोटा स्टोन के स्थान पर मार्बल फर्श किया जाना, खिड़की व दरवाजों की ऊंचाई बढ़ाना, ईंट चिनाई की मात्रा में कमी होना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स लड्डुराम बाबूलाल द्वारा रु.2,12,15,107.14, जो कि कार्यादेश से 6.35 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No.15 Approval of Final Deviation, extra item and time extension for External Electrification work at NRI Scheme, Sector-24, Pratap Nagar, Jaipur, Phase-I. M/s. Oriental Sales Corporation, Jaipur.

टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने समिति को बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 368 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्ताव अनुसार विलम्ब के प्रमुख कारण संवेदक द्वारा कार्य समय पर पूर्ण नहीं किया जाना रहा। अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता द्वारा बताया गया कि 368 दिवस संवेदक के पार्ट पर विलम्ब माना गया है एवं शास्ति रु. 3,62,437.00 अनुबन्ध शर्तों के अनुसार प्रस्तावित की गई है।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा प्रस्ताव में दिए गए कारणों के आधार पर लगभग 368 दिवस का विलम्ब संवेदक के पार्ट पर सही माना गया एवं प्रस्तावित शास्ति रु. 3,62,437.00 लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 368 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स ओरियन्टल सेल्स कॉरपोरेशन से 1 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 39,360.00 है, का करवाया गया जो कि कार्यादेश की राशि का 00.22 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स ओरियन्टल सेल्स कॉरपोरेशन द्वारा रु. 39,360.00 जो कि कार्यादेश की राशि का 00.22 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि एन.आर.आई. योजना, सैक्टर–24, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में बाह्य विद्युतिकरण का कार्य मैसर्स ओरियन्टल सेल्स कॉरपोरेशन को रु. 1,78,82,251.00 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 1,87,38,784.03 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 4.79 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण जे.वी.वी.एन.एल विभाग के दिशा–निर्देशानुसार केबलिंग का मार्ग बदलना, सड़क क्रोसिंग अधिक होना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स ओरियन्टल सेल्स कॉरपोरेशन द्वारा रु 1,87,38,784.03, जो कि कार्यादेश से 4.79 प्रतिशत अधिक है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No.16 Approval of Extra Item & Final Deviation for construction of finishing work of LIG 60 Nos. (Stilt+10) flats at Sector-29, Zone-IV, Pratap Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. Pradeep Kumar Jain.

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स प्रदीप कुमार जैन से कुल 8 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 26,98,046.29 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 21.98 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः कोरीडोर में कोटा स्टोन फर्श लगाना, सीमेन्ट कंक्रीट की पार्किंग स्थल पर फर्श किया जाना, बाह्य सतह पर पेन्टिंग से पूर्व सीमेन्ट पुट्टी किया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स प्रदीप कुमार जैन द्वारा रु. 26,98,046.29 जो कि कार्यादेश की राशि का 21.98 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता प्रथम ने बताया कि जोन–4, सैक्टर–29, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में अल्प आय वर्ग के 60 (स्टिल्ट+10) मंजिले आवासों का फिनिशिंग कार्य मैसर्स प्रदीप कुमार जैन को रु. 1,22,73,918.03 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 1,31,19,685.96 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 6.89 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण ईंट चिनाई की मात्रा में बढ़ोतरी, विक्ट्रीफाईड टाईल्स के स्थान पर मेट–फिनिश टाइल्स लगाना, कोटा स्टोन फर्श लगाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स प्रदीप कुमार जैन द्वारा रु 1,31,19,685.96, जो कि कार्यादेश से 6.89 प्रतिशत अधिक है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 17 Approval of deviation statement and extra item slip of M/s. S.P. Builders for construction of EWS 96(G+3) Multistories complete houses for Urban Poor under Dwarikapuri Scheme at Sector-1, Zone-B, KBS, Jodhpur under Divisioin IV, Jodhpur. Agreement NO. 79. Contractor - M/s. S.P. Builders.

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स से कुल 15 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 28,84,430.17 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 10.04 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः अच्छी ईंटों का अधिक मात्रा में न होने के कारण सी.सी. ब्लॉक्स की चिनाई का कार्य किया जाना, अर्थ वर्क आईटम को जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना, फ्लश कॉक के स्थान पर सिस्टर्न लगाना, फ्लश दरवाजों हेतु लिपिंग का आईटम का जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स द्वारा रु. 28,84,430.17 जो कि कार्यादेश की राशि का 10.04 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय ने बताया कि जोन–बी, सैक्टर–1, कुड़ी भगतासनी योजना, जोधपुर में शहरी निर्धनों हेतु द्वारकापुरी योजनान्तर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग हेतु 96(जी+3) बहुमंजिले आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स को रु. 2,87,20,847.09 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 2,70,35,814.40 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 5.86 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण कॉलम एवं बीम की आर.सी.सी. डिजाइन, अच्छी गुणवत्ता की ईटों की उपलब्धता नहीं होने के कारण सीमेन्ट कंक्रीट के ब्लॉक्स की चिनाई, टी आईरन फ्रेम का लगाया जाना, वॉश–बेसिन नहीं लगाया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स द्वारा रु 2,70,35,814.40, जो कि कार्यादेश से 5.86 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 18 Approval of deviation statement and extra item slip of M/s. S.P. Builders for construction of EWS 96(G+3) Multistories complete houses for Urban Poor under Dwarikapuri Scheme at Sector-1, Zone-A, KBS, Jodhpur under Division IV, Jodhpur. Agreement No. 78. Contractor - M/s. S.P. Builders.

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स से कुल 15 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 29,14,686.99 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 10.14 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः अच्छी ईंटों का अधिक मात्रा में न होने के कारण सी.सी. ब्लॉक्स की चिनाई का कार्य किया जाना, अर्थ वर्क आईटम को जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना, फ्लश कॉक के स्थान पर सिस्टर्न लगाना, फ्लश दरवाजों हेतु लिपिंग का आईटम का जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स द्वारा रु. 29,14,686.99 जो कि कार्यादेश की राशि का 10.14 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय ने बताया कि जोन–ए, सैक्टर–1, कुड़ी भगतासनी योजना, जोधपुर में शहरी निर्धनों हेतु द्वारकापुरी योजनान्तर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग हेतु 96(जी+3) बहुमंजिले आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स को रु. 2,87,20,847.09 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 2,68,70,304.62 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 6.44 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण कॉलम एवं बीम की आर.सी.सी. डिजाइन, अच्छी गुणवत्ता की ईटों की उपलब्धता नहीं होने के कारण सीमेन्ट कंक्रीट के ब्लॉक्स की चिनाई, टी आईरन फ्रेम का लगाया जाना, वॉश–बेसिन नहीं लगाया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स द्वारा रु 2,68,70,304.62, जो कि कार्यादेश से 6.44 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 19 Approval of final time extension, extra item and deviation statment for the work of construction of MIG-A 13 (6x12 m) & MIG-A 24 (6x16.0M) total - 37 Nos. Duplex complete houses (Zone-IV) at Sector-9, Kuri Bhagtasani Scheme, Jodhpur. Contractor - M/s. S.P. Builders.

फाईनल टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण

अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय ने समिति को बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 120 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्ताव अनुसार विलम्ब के प्रमुख कारण प्लाट एरिया में सीवर लाईन के मैनहॉल का होना, नगरपालिका चुनाव के कारण लेबर की कमी होना, मुख्य अभियन्ता महोदय द्वारा जारी परिपत्रानुसार परिवर्तन किया जाना, मकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाईन को शिफ्ट किया जाना इत्यादि रहे। अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता द्वारा बताया गया कि 120 दिवस में 81 दिवस संवेदक के पार्ट पर एवं 39 दिवस का विलम्ब मण्डल स्तर माना गया है एवं शास्ति रु. 87,750.00 अनुबन्ध शर्तों के अनुसार प्रस्तावित की गई है।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा प्रस्ताव में दिए गए कारणों के आधार पर लगभग 120 दिवस में से 81 दिवस का विलम्ब संवेदक के पार्ट पर एवं 39 दिवस का विलम्ब मण्डल स्तर पर सही माना गया एवं प्रस्तावित शास्ति लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 120 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स से कुल 11 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 14,28,191.92 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 04.75 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य में परिवर्तन, फ्लश दरवाजों हेतु लिपिंग का आईटम का जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना, छत पर गोले का आईटम जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स द्वारा रु. 14,28,191.92 जो कि कार्यादेश की राशि का 04.75 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय ने बताया कि जोन–चतुर्थ, सैक्टर–9, कुड़ी भगतासनी योजना, जोधपुर में मध्यम आय वर्ग–अ 13 (6 गुणा 12 मीटर) एवं मध्यम आय वर्ग–अ 37 (6 गुणा 16 मीटर) कुल 37 डुप्लेक्स आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स को रु. 3,00,48,696.37 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 3,01,44,826.51 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 0.32 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य में परिवर्तन, फ्लश दरवाजों हेतु लिपिंग का आईटम का जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना, छत पर गोले का आईटम जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना, कार्यस्थल लॉ–लाईग एरिया होने के कारण मिट्टी भराई की मात्रा अधिक होना, भूःकम्परोधी निर्माण हेतु आर.सी.सी. कॉलम का निर्माण इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स एस.पी. बिल्डर्स द्वारा रु 3,01,44,826.51, जो कि कार्यादेश से 0.32 प्रतिशत अधिक है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 20 Approval of extra item & deviation statement for the work of construction of MIG-A 25 Nos. (6.00 x 15.00 Mtr.) Duplex complete houses at Sector 3, Kuri Bhagtasani Scheme, Jodhpur. Agreement No. 166. Contractor - M/s. I.P. Singh Construciton Co.

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स आई.पी. सिंह कन्स्ट्रक्शन कम्पनी से कुल 15 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 16,34,004.23 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 07.91 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः मुख्य अभियन्ता महोदय के परिपत्र क्रमांक 345 दिनांक 31.3.2010 के अनुसार कार्य करवाये जाना रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स आई.पी. सिंह कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रु. 16,34,004.23 जो कि कार्यादेश की राशि का 07.91 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय ने बताया कि सैक्टर–3, कुड़ी भगतासनी योजना, जोधपुर में मध्यम आय वर्ग–अ 25 (6 गुणा 15 मीटर) डुप्लेक्स आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स आई.जी. सिंह कन्स्ट्रक्शन कम्पनी को रु. 2,02,47,072.19 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 2,04,45,392.50 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 0.97 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण स्थल की स्थिति के अनुसार मिट्टी भराई का कार्य, कम्पाउन्ड वाल के मध्य में पिलर का कार्य, भूःकम्परोधी निर्माण हेतु आर.सी.सी. कॉलम का निर्माण, बालकॉनी में स्टील की रेलिंग का कार्य, मुख्य अभियन्ता महोदय के परिपत्र क्रमांक 345 दिनांक 31.3.2010 के अनुसार कार्य करवाये जाना रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स आई.जी. सिंह कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रु 2,04,45,392.50, जो कि कार्यादेश से 0.97 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 21 Approval of final deviation and extra item for construction of MIG-B 30, HIG 14 Nos. houses at Shastri Nagar, Banswara. Contractor - M/s. Meenu Builders.

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स मीनु बिल्डर्स से कुल 11 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 59,81,025.95 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 19.89 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः एस.डब्ल्यु पाईप के नीचे सीमेन्ट कंक्रीट के आईटम का जी–शिड्युल में सम्मिलित नहीं किया जाना, बाथरूप में प्लेन टाइल्स के स्थान पर कलर ग्लेज्ड टाइल्स लगाना, अति. मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य अभियन्ता की स्वीकृति के अनुसार आईटम संपादित किए जाने इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स मीनु बिल्डर्स द्वारा रु. 59,81,025.95 जो कि कार्यादेश की राशि का 19.89 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि शास्त्री नगर, बांसवाड़ा में मध्यम आय वर्ग–ब के 30 एवं उच्च आय वर्ग के 14 आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स मीनु बिल्डर्स को रु. 3,00,71,628.76 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 3,09,45,695.40 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 2.91 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण नींव की ऊँचाई में बढ़ोतरी के कारण मिट्टी भराई की मात्रा अधिक होना, आर.सी.सी. डिजाइन के कारण इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स मीनु बिल्डर्स द्वारा रु 3,09,45,695.40, जो कि कार्यादेश से 2.91 प्रतिशत अधिक है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 22 Approval of final deviation for external electrification work at Nainwa (Bundi). Contractor - Jhandel Singh Sisodia.

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि नैनवा (बुन्दी) में बाह्य विद्युतिकरण का कार्य मैसर्स जांदेल सिंह सिसोदिया को रु. 30,10,605.29 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 29,35,970.77 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 2.47 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण कार्यस्थल की आवश्यकतानुसार स्टड पोल्स की मात्रा में बढ़ोतरी, निर्माण स्थल का क्लियर न होना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स जांदेल सिंह सिसोदिया द्वारा रु 29,35,970.77, जो कि कार्यादेश से 2.47 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 23 Approval of splitting for the construction of MIG-B (G+3) 160 Flats at Sector-28, Pratap Nagar SFS Scheme, Jaipur.

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| क.सं. | कार्य का नाम | जोन | राशि (लाख) |
|---|---|---|---|
| 1. | मध्यम आय वर्ग–ब 64 नं. फ्लैट्स | प्रथम | 643.26 |
| 2. | मध्यम आय वर्ग–ब 64 नं. फ्लैट्स | द्वितीय | 643.26 |
| 3. | मध्यम आय वर्ग–ब 32 नं. फ्लैट्स | तृतीय | 321.63 |
| | कुल योग | | 1608.15 |

Agenda No. 24-A **Approval of splitting of external electrification work at Chinab Apartment, Sector 28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| S. No. | Name of work | A/F Amount (In lacs) | Work to be executed in phase Ist (E/E work) (In lacs) | Work to be executed in Phase IInd (S//L work (In lacs) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E/E & S/L work at Chinab Apartment, Sec.- 28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. | 295.92 | 249.93 | 45.99 |

Agenda No. 24-B **Approval of splitting of external electrificaiton work at Krishna Apartment and Ravi Apartment, Sector-28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| S. No. | Name of work | A/F Amount (In lacs) | Work to be executed in phase Ist (E/E work) (In lacs) | Work to be executed in Phase IInd (S//L work (In lacs) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | E/E work at Krishna Apartment & Ravi Apartment, Sec.- 28, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. | 374.20 | 290.20 | 84.00 |

Agenda No. 25 **Approval of splitting for the work of construction of 208 LIG (G+3) in Sector-28, Pratp Nagar, Sanganer, Jaipur in Phase-II.**

समिति द्वारा कार्य विभाजन के प्रस्ताव पर विचार कर निम्नानुसार स्वीकृति दी गईः–

| S. No. | Zone | No. of Blocks | No. of flats | Amount (Rs. in lacs) |
|---|---|---|---|---|
| i | D | 5 | 80 | 477.44 |
| ii | E | 5 | 80 | 477.44 |
| iii | F | 3 | 48 | 286.47 |
| | | 13 | 208 | 1241.35 |

Agenda No. 26 **Approval of Tender for the construction of MIG-B 34 Nos. (8.00 x 16.00 Mtr.) Duplex houses at Sector-08, I.G. Nagar, Jagatpura, Jaipur. Contractor M/s. Santosh Kumar Rawat.**

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि उक्त कार्य हेतु प्रथमतः निविदा आमंत्रित किए जाने एवं निगोशिएशन करने पर भी दर 5.00 प्रतिशत को कम नहीं किए जाने एवं दरों के अधिक प्रतीत होने पर कार्य समिति द्वारा निविदा को निरस्त किया गया।

द्वितीय बार निविदा आमंत्रित किए जाने पर उपरोक्त कार्य हेतु दर 14.76 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2010 पर दरें प्राप्त हुई जिन्हे भी अधिक पाए जाने पर कार्य समिति द्वारा निविदा को निरस्त किया गया। अब पुनः अल्पकालिक निविदा आमंत्रित करने पर दर पार्ट 'ए' से 'ई' तक 15.89 प्रतिशत अधिक + आईटम रेट दिए जाने पर निगोशिएशन किया गया जिसमें संशोधित दर पार्ट ए से ई तक 14.89 प्रतिशत अधिक + आईटम रेट दी गई है। इस कार्य हेतु आर.टी.पी. 52.26 प्रतिशत अधिक + आईटम रेट 104 प्रति किलो आंकी गई है। अतः न्यूनतम निविदादाता द्वारा दी गई दरें उचित प्रतीत होती है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में निगोशिएशन पश्चात् प्राप्त हुई संशोधित दर पार्ट ए से ई तक 14.89 प्रतिशत अधिक + आईटम रेट हेतु स्वीकृति का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 27 Approval of Tender for the construction of MIG-A 39 Nos. S.F.S. (Complete Houses) at RHB, Hanumangarh. Contractor - M/s. Apex Construction Co.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि पार्ट ए से ई तक कार्य हेतु आर.टी.पी. 48.52 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2009 एवं बिजली कार्य हेतु बी.एस.आर. 2008 हनुमानगढ़ सर्किल पर आंकी गई हैं। उक्त कार्य हेतु न्यूनतम निविदादाता द्वारा अपनी दरें पार्ट ए से ई तक 24 प्रतिशत अधिक दी गई है जो समान कार्य हेतु सार्वजनिक विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए कार्य की दर से कम है अतः उचित प्रतीत होती है एवं कार्य समिति द्वारा स्वीकार करने योग्य है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त निविदा में पार्ट ए से ई तक 24.00 प्रतिशत अधिक रेट स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 28 Approval of Tender for the construction of LIG 118 Nos. (complete houses) Housing Scheme, Hanumangarh. Contractor - M/s. Karni Contruction Co.

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि पार्ट 'ए' से 'डी' तक कार्य हेतु आर.टी.पी. 49.14 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2009 एवं बिजली कार्य हेतु बी.एस.आर. 2008 हनुमानगढ़ सर्किल पर आंकी गई हैं। उक्त कार्य हेतु न्यूनतम निविदादाता द्वारा अपनी दरें पार्ट ए से ई तक निगोशिएशन पश्चात् संशोधित दरें 24.00 प्रतिशत अधिक दी गई है। हालांकि आर.टी.पी. से दरें कम दी गई है परन्तु समान कार्य हेतु अन्य निविदा में प्राप्त दर 11.34 प्रतिशत अधिक बी.एस.आर. 2009 से अत्यधिक है। अतः निविदा निरस्त करने योग्य है।

समिति द्वारा विचारोपरान्त संवेदक द्वारा दी गई दरें अत्यधिक होने के कारण निविदा निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया।

Agenda No. 29 Approval of final deviation for construction of EWS 328 Nos. houses at Sector-9, I.G. Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. Gyarshi Lal Mohan Lal.

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि सैक्टर–9, इन्दिरा गांधी नगर, जयपुर में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग के 328 आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स ग्यारसीलाल मोहनलाल को रु. 4,37,84,663.96 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 2,67,49,708.38 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 38.90 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम का कार्य हुआ। विचलन का प्रमुख कारण भूमि की अनुपलब्धता रहा है।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स ग्यारसीलाल मोहनलाल द्वारा रु 2,67,49,708.38, जो कि कार्यादेश से 38.90 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 30 Approval of Final Deviation for construction of MIG-B (Duplex) 44 Nos. at Zone-B at Sector-3, I.G. Nagar, Jaipur. Contractor - M/s. Giriraj Construction Co.

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि रु. 4,10,04,619.75 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 4,19,26,125.20 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 02.24 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारणः कोने के मकानों की संख्या अधिक होने, आर.सी.सी की मात्रा डिजायन के अनुरूप अधिक होने एवं मैट फिनिश टाइल की मात्रा अधिक होना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स गिरिराज कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रु 4,19,26,125.20, जो कि कार्यादेश से 02.24 प्रतिशत अधिक है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 31 Approval of Final Deviation and Extra Item for construction of MIG-B 48 Nos. flats (Stilt +3 floors) at Sector-7, Mansarovar, Jaipur. Contractor - M/s. Pradeep Kumar Jain.

एक्स्ट्रा आईटम

उपरोक्त कार्य में 29 एक्स्ट्रा आईटम कुल राशि रु. 20,79,489.29 के है, जो कि कार्यादेश की राशि का 4.37 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः एकरेलिक पेंट, स्टील रेलिंग एवं यु.पी.वी.सी.पाईप की मात्रा अधिक रहा ।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स पी.के. जैन द्वारा रु. 20,79,489.29 के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि रु. 4,76,07,439.44 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 4,86,31,254.87 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 02.15 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण एकरेलिक पेंट, स्टील रेलिंग एवं यु.पी.वी.सी. पाईप की मात्रा अधिक होना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स प्रदीप कुमार जैन द्वारा रु 4,86,31,254.87, जो कि कार्यादेश से 02.15 प्रतिशत अधिक है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 32 Approval of Final time extension/ Extra item and Final Deviation for construction of finishing of LIG 120 Nos. (Stilt + 10 Storey) flats at Sector-29, Zone-IV, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur. Contractor - M/s. P.K. Jain.

फाईनल टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण

अति. मुख्य अभियन्ता–द्वितीय ने समिति को बताया कि अनुबन्ध में कार्य

करवाने में कुल 405 दिवस का विलम्ब हुआ है जिसमें से 185 दिवस को उचित माना गया है एवं 220 दिवस का विलम्ब संवेदक के पार्ट पर माना गया है। प्रस्ताव अनुसार विलम्ब के प्रमुख कारण मई से मध्य जून, 2009 में अत्यधिक गर्मी के कारण बाह्य प्लास्टर कार्य किए जाने की मंजूरी नहीं दी जानें, कन्स्ल्टेन्ट द्वारा टाईल्स की मेक को देरी से स्वीकार किए जाने, बाहरी पेंट की कलर स्कीम स्वीकृति में देरी एवं कन्सलटेन्ट द्वारा वाटर हारवेस्टिंग हेतू टेरस की डिजाइन उपलब्ध करवाने में देरी रहे। मुख्य अभियंता द्वारा प्रस्तावित शास्ती रु. 4,26,082.00 को अनुबन्ध शर्तों के अनुसार प्रस्तावित की गई है।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा प्रस्ताव में दिए गए कारणों के आधार पर 185 दिवस को उचित माना गया है एवं 220 दिवस का विलम्ब संवेदक के पार्ट पर माना गया है। प्रस्तावित शास्ति रु. 4,26,082.00 लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 405 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

<u>एक्स्ट्रा आईटम</u>

सवंदेक द्वारा कुल 33 आईटम बी एस आर एवं 3 आईटम मार्केट रेट के आधार करवाये गए ,जिसकी कुल राशि रु. 41,41090.53 है, जो कि कार्यादेश की राशि का 16.61 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः अन्तिम नक्शों में बदलाव होना है।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स पी.के. जैन द्वारा रु. 41,41090.53, जो कि कार्यादेश की राशि का 16.61 प्रतिशत है, के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

<u>विचलन प्रपत्र</u>

अति. मुख्य अभियन्ता–प्रथम ने बताया कि जोन–चतुर्थ, सैक्टर–29, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में अल्प आय वर्ग के 120 (स्टिल्ट + 10 मंजिले) आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स पी.के. जैन को रु. 2,49,26,378.14 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 2,54,83,630.47 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 2.24 प्रतिशत कार्यादेश राशि से अधिक का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण ईट की चुनाई से पाटिसन दिवार, सरेमिक टाइलर्स, पॉलिस कोटा स्टोन, एनमिल पेंट, स्टील रेलिग, सी.पी.पाईपइत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स पी.के. जैन द्वारा रु 2,54,83,630.47, जो कि कार्यादेश से 2.24 प्रतिशत अधिक है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 33 Approval of final devaition and extra item for construction of MIG-A=35 Nos. houses at Mukta Prasad Nagar, Bikaner. Contractor - M/s. Karni Construction Co.

समिति द्वारा प्रस्तुत विचार बिन्दु पर विश्लेषण कर यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त विचार बिन्दु आगामी कार्य समिति की बैठक में विचलन एवं एक्स्ट्रा आईटम के विस्तृत कारणों के साथ प्रस्तुत किया जावे।

Agenda No. 34 Approval of final deviation for cosntruction of MIG-B 17 Nos. houses at Mukta Prasad Nagar, Bikaner. Contractor - M/s. Karni Construction Co.

समिति द्वारा प्रस्तुत विचार बिन्दु पर विश्लेषण कर यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त विचार बिन्दु आगामी कार्य समिति की बैठक में विचलन के विस्तृत कारणों

के साथ प्रस्तुत किया जावे।

Agenda No. 35 Approval of Extra Item & Final Deviation for construdction of MIG-A 40/22 (actual) Nos. houses at Mukta Prasad Nagar, West Ext. Scheme, Bikaner. Contractor - M/s. Karni Construction Co.

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स करनी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी से कुल 4 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 30,47,939.46 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 24.93 प्रतिशत है। एक्स्ट्रा आईटम में मुख्यतः उप आवासन आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार 100 स्ट्रेन्थ की ईंटे उपयोग में लेना, फर्श में मार्बल फ्लोरिंग का कार्य किया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स करनी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रु. 30,47,939.46 जो कि कार्यादेश की राशि का 24.93 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि वेस्ट एक्सटेंशन स्कीम, मुक्ता प्रसाद नगर, बीकानेर में मध्यम आय वर्ग–अ के 40/22 आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स करनी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी को रु. 1,22,24,143.19 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 77,52,952.88 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 36.58 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण 40 आवासों के निर्माण कार्य के स्थान पर 22 आवासों का निर्माण कार्य किया जाना रहा।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स करनी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रु 77,52,952.88, जो कि कार्यादेश से 36.58 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 36 Approval Deviation statement and Final Time Extension of M/s. Karni Construction co. for the works of construction of MIG-B 46 Nos. (complete houses) at RHB scheme, Hanumangarh. Agreement No. 55/2009-10

फाईनल टाईम एक्स्टेन्शन प्रकरण

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने समिति को बताया कि अनुबन्ध में कार्य करवाने में कुल 166 दिवस का विलम्ब हुआ है। प्रस्ताव अनुसार विलम्ब के प्रमुख कारण –ईंट भट्टों पर लेबर की हड़ताल के कारण, 1100 के.सी. की लाईन का कार्यस्थल से गुजरना रहा। अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता द्वारा बताया गया कि 166 दिवस में से 30 दिवस संवेदक के पार्ट पर एवं 136 दिवस का विलम्ब मण्डल स्तर माना गया है एवं संवदेक पर शास्ति रु. 1,22,317.00 अनुबन्ध शर्तों के अनुसार प्रस्तावित की गई है।

प्रस्ताव में दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा प्रकरण पर चर्चा की गई। समिति द्वारा प्रस्ताव में दिए गए कारणों के आधार पर 166 दिवस में 30 दिवस संवेदक के पार्ट पर एवं 136 दिवस का विलम्ब मण्डल स्तर पर सही माना गया एवं प्रस्तावित शास्ति रु. 1,22,317.00 लगाते हुए अनुबन्ध की समयावधि 166 दिवस बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

विचलन प्रपत्र

अति. मुख्य अभियन्ता–तृतीय ने बताया कि आर.एच.बी. स्कीम, हनुमानगढ़ में मध्यम आय वर्ग–ब के 46 आवासों का निर्माण कार्य मैसर्स करनी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी को रु. 2,58,84,262.86 की राशि का कार्यादेश दिया गया था जिसके विरुद्ध 2,44,51,216.76 का कार्य किया गया। इस प्रकार निर्माण कार्य 05.54 प्रतिशत कार्यादेश राशि से कम का कार्य हुआ। विचलन के प्रमुख कारण निर्मित आवासों से एक कमरा कम किया जाना, लॉवर्स एवं फेसिया के आईटम का संपादन नहीं किया जाना, बरामदे में मार्बल स्टोन फ्लोरिंग के स्थान पर मैट–फिनिश टाइल का कार्य, फ्रन्ट कम्पाउन्ड वॉल में रेलिंग कार्य नहीं किया जाना इत्यादि रहे।

प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स करनी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा रु 2,44,51,216.76, जो कि कार्यादेश से 05.54 प्रतिशत कम है, के विचलन की स्वीकृति दी गई।

Agenda No. 37 Approval of Extra Item for M/s. Sandeep Builders for the work of construction of W.B.M. Road, Maa Latiyal Bhawani Nagar, Extn: Phalodi. Contractor - M/s. Sandeep Builders.

एक्स्ट्रा आईटम

मैसर्स सन्दीप बिल्डर्स से कुल 1 एक्स्ट्रा आईटम, जिसकी राशि रु. 4,51,220.93 है, के करवाए गए जो कि कार्यादेश की राशि का 13.75 प्रतिशत है।
प्रस्तावानुसार दिए गए तथ्यों को दृष्टिगत रख समिति द्वारा मैसर्स सन्दीप बिल्डर्स द्वारा रु. 4,51,220.93 जो कि कार्यादेश की राशि का 13.75 प्रतिशत है के एक्स्ट्रा आईटम की स्वीकृति प्रदान की गई।

समिति की बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये समाप्त की गयी।

4/6/12

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव अध्यक्ष, राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर।
2. निजी सचिव – आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल जयपुर।
3. निजी सहायक, मुख्य नगर नियोजक, राज0 सरकार, जयपुर।
4. मुख्य अभियंता, रा0आ0मं0, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, रा0आ0मं0 जयपुर।
6. अतिरिक्त मुख्य अभियंता–I/II/III, राज. आ. मंडल, जयपुर
7. उप आवासन आयुक्त, वृत्त–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर /वृत्त उदयपुर/जोधपुर प्रथम/द्वितीय/बीकानेर/अलवर।
8. तकनीकी सहायक, आवासन आयुक्त, राज.आ.मण्डल, जयपुर।
9.

4/6/12

सदस्य सचिव–कार्य समिति एवं
तकनीकी सहायक–अध्यक्ष